सं:1:05:138:I:सीएस
दिनांक:14.05.2019

National Stock Exchange of India Limited, **Listing Department, Exchange Plaza,** **Bandra - Kurla Complex, Bandra (E)** **MUMBAI - 400 051.** **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड** **लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,** **बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051**	**Bombay Stock Exchange Limited,** **Department of Corporate Services,** **Floor - 25, PJ Towers, Dalal Street,** **MUMBAI - 400 001.** **बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड,** **कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,** **पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001**

विषय: सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसरण में बोर्ड बैठक की सूचना

महोदय/ महोदया,

सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल दिनांक 29 मई 2019 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य मुद्दों के साथ 31 मार्च 2019 को समाप्त तिमाही के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन) एवं 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन एवं समेकित) परिणामों पर विचार करेंगे।

इस संबंध में, (जैसा कि आपको दिनांक 3 अप्रैल 2019 के पत्र द्वारा सूचित किया गया) इनसाइडर द्वारा ट्रेडिंग को विनियमित एवं रिपोर्ट करने हेतु एवं निष्पक्ष प्रकटन के लिए पीएफसी की आचार संहिता, 2015 (संहिता) के साथ पठित एनएसई द्वारा दिनांक 02.04.2019 को जारी किए गए स्पष्टीकरण संदर्भ सं. एनएसई/सीएमएल/2019/11 के अनुसार पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों के लेन-देन के लिए ट्रेडिंग विंडो दिनांक 3 अप्रैल 2019 को बंद कर दी गई और यह 31 मई 2019 अर्थात दिनांक 31 मार्च 2019 को समाप्त अवधि एवं तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा के अड़तालीस (48) घंटों तक बंद रहेगी।

'संहिता' में यथापरिभाषित सभी निर्दिष्ट कार्मिक (जिनमें पीएफसी लिमिटेड के सहायक कंपनियों के कार्मिक भी शामिल हैं) और अन्य जुड़े हुए व्यक्तियों को सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त अवधि के दौरान पीएफसी के इक्विटी शेयरों और सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों सहित कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यापार न करें।

सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com